रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 439] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 17, 2017/कार्तिक 26, 1939
No. 439] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 17, 2017/KARTIKA 26, 1939

इलाहाबाद बैंक

(प्रधान कार्यालय)

अधिसूचना

कोलकाता, 3 नवम्बर, 2017

एफ. सं. एचओ/एडीएमएन/एफ-49/1512.—बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इलाहाबाद बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्र सरकार की पूर्व स्वीकृति से एतद्वारा इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 को संशोधित करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है,

1. (1) ये विनियम इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम, 2017 कहे जाएंगे।

(2) जब तक संबंधित विनियमों में अन्यथा न कहा गया हो, ये विनियम नवम्बर, 2007 की पहली तारीख से प्रभावी होंगे।

2. इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 (इसमें इसके बाद कथित विनियम के रूप में उल्लिखित) में विनियम 3 में:—

(i) खंड (एफ) हेतु निम्नलिखित खंड को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

'(एफ)' "परिवार" से अभिप्राय अधिकारी का पति/पत्नी, पूर्णतया आश्रित अविवाहित संतान (आश्रित सौतेले और विधिपूर्वक गोद लिए हुए बच्चे), चालीस प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांग भाई अथवा बहन और ऐसे माता-पिता जो सामान्यतया साथ में रहते हों और अधिकारी पर पूर्णतया आश्रित हों ।

स्पष्टीकरण- इस खंड के प्रयोजनार्थ उस संतान, माता-पिता अथवा दिव्यांग भाई या बहन को अधिकारी पर आश्रित तभी माना जाएगा जब ऐसी संतान, माता-पिता, भाई या बहन की मासिक आय रु. 3,500 प्रति माह से अधिक न हो।

परंतु यह कि यदि माता-पिता में से किसी एक की आय रु.3,500 प्रति माह से अधिक है या माता-पिता की सकल आय रु. 3,500 प्रति माह से अधिक है तो माता–पिता दोनों को अधिकारी पर पूर्णतया आश्रित नहीं माना जाएगा।

(ii) खंड (ओ) को विलोपित किया जाएगा।

3. उक्त विनियमों के विनियम 4 में :—

(i) उप-विनियम (4ए) को विलोपित किया जाएगा।

(ii) उप-विनियम (4ए) के ऐसे विलोपन के पश्चात निम्नलिखित उप-विनियमों को अंत:स्थापित किया जाएगा अर्थात्:—

"(5) 1 नवम्बर, 2007 से प्रत्येक श्रेणी के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान निम्नानुसार होगा—

(ए) शीर्ष कार्यपालक श्रेणी

वेतनमान VII – रु. 46800-1300/4-52000

वेतनमान VI - रु. 42000-1200/4-46800

(बी) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान V – रु. 36200-1000/2-38200-1100/2-40400

वेतनमान IV - रु. 30600-900/4-34200-1000/2-36200

(सी) मध्य प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान III – रु. 25700-800/5-29700-900/2-31500

वेतनमान II - रु. 19400-700/1-20100-800/10-28100

(डी) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान I - रु. 14500-600/7-18700-700/2-20100-800/7-25700

स्पष्टीकरण- दिनांक 31 अक्तूबर, 2007 को प्रभावी वेतनमान द्वारा नियंत्रित अधिकारी का नियतन दिनांक 01 नवम्बर, 2007 को इस विनियम के अनुसार निर्धारित किए गए वेतनमान में चरण दर चरण आधार पर किया जाएगा अर्थात सदृश्य चरणों पर, संबंधित वेतनमान में प्रथम चरण और उसके आगे तथा वेतनवृद्धि पहले की तरह वार्षिक होगी जब तक कि अन्यथा न बताया गया हो।

(6) उप-विनियम (1), (2), (3), (4) और (5) की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि बैंक के लिए हर समय इन सभी श्रेणियों में अधिकारी रखना अपेक्षित है।"

4. उक्त विनियमों के विनियम 5 में :—

(क) उप-विनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:—

"(1) विनियम 4 के उप-विनियम (5) के प्रावधानों के अधीन,दिनांक 1 नवम्बर,2007 को तथा उसके बाद से वेतनवृद्धियां निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन मंजूर की जाएगी, अर्थात्:—

(ए) विनियम 4 के उप-विनियम (5) में वर्णित विभिन्न वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्यधीन वार्षिक आधार पर प्रोद्भूत (accure) होंगी और वे जिस महीने में देय होती हैं, उस महीने की पहली तारीख को दी जाएंगी।

(बी) कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड वेतनमान । के अधिकारी जो उच्चतर वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के बाद मध्य प्रबंधन ग्रेड वेतनमान ।। पर पहुंचते हैं, वे सेवा के हर तीन पूर्ण वर्षों हेतु चार गत्यावरोध वेतनवृद्धि के पात्र होंगे जिनमें से प्रथम दो रु. 800 प्रति और अगली दो 900 प्रति होगी:

परंतु यह कि जिन अधिकारियों ने 1 नवम्बर, 2007 को यथास्थिति दूसरी गत्यावरोध वेतनवृद्धि प्राप्त करने के बाद तीन वर्षों या अधिक की सेवा पूरी की है, तीसरी गत्यावरोध वेतनवृद्धि 1 नवम्बर, 2007 को प्राप्त करेंगे और अगली गत्यावरोध वेतनवृद्धि दूसरी गत्यावरोध वेतनवृद्धि प्राप्त करने के बाद छह वर्ष पूरा करने पर 1 नवम्बर, 2008 को या उसके बाद प्राप्त करेंगे।

IndiaCode

(सी) मध्य प्रबंधन ग्रेड वेतनमान ।। के अधिकारी जो उच्चतर वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के बाद मध्य प्रबंधन ग्रेड वेतनमान ।।। पर पहुंचे हैं वे सेवा के हर तीन पूर्ण वर्षों हेतु रु. 900 प्रत्येक की तीन गत्यवारोध वेतनवृद्धि के पात्र होंगे:

परंतु यह कि जिन अधिकारियों ने 1 नवम्बर, 2007 को यथास्थिति प्रथम गत्यावरोध वेतनवृद्धि प्राप्त करने के बाद तीन वर्षों या अधिक की सेवा पूरी की है, वे अगली गत्यावरोध वेतनवृद्धि 1 नवम्बर, 2007 से प्राप्त करेंगे और परवर्ती गत्यावरोध वेतनवृद्धि पहली गत्यावरोध वेतनवृद्धि प्राप्त करने के बाद छह वर्ष पूरा करने पर 1 नवम्बर, 2008 को या उसके बाद प्राप्त करेंगे।

परंतु यह भी कि मूलत: मध्य प्रबंधन ग्रेड वेतनमान ।।। में नियुक्त अथवा पदोन्नत अधिकारी सेवा के हर तीन पूर्ण वर्षों हेतु रु. 900 प्रत्येक की चार गत्यवारोध वेतनवृद्धि के पात्र होंगे ; अथवा

परंतु यह भी कि पहले ही दो गत्यावरोध वेतनवृद्धि प्राप्त कर चुके और 1 नवम्बर, 2007 को यथास्थिति दूसरी गत्यावरोध वेतनवृद्धि प्राप्त करने के बाद तीन वर्षों से अधिक की सेवा पूरी कर चुके अधिकारी तीसरी गत्यावरोध वेतनवृद्धि 1 नवम्बर, 2007 से प्राप्त करेंगे और चौथी गत्यावरोध वेतनवृद्धि दूसरी गत्यावरोध वेतनवृद्धि प्राप्त करने के बाद छह वर्ष पूरा करने पर 1 नवम्बर, 2008 को या उसके बाद प्राप्त करेंगे।

स्पष्टीकरण- इस उप- विनियम के अंतर्गत अगले उच्चतर वेतनमान में दी गई ऐसी वेतनवृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा और अधिकारियों के विशेषाधिकार, परिलब्धियां, कर्तव्य और उत्तरदायित्व वहीं बने रहेंगे जो उनके मूल पदों में थे।

(बी) उप-विनियम (2) में –

(i) स्पष्टीकरण में, खंड (ई) के बाद और टिप्पणी से पहले निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"(एफ) नवम्बर, 2007 के पहले दिन को तथा उसके बाद से अन्य बातें समान रहने पर व्यावसायिक अर्हता वेतन की मात्रा निम्नानुसार संशोधित की जाएगी:-

तालिका

जिन्होंने जूनियर एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकर्स अथवा सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकर्स उत्तीर्ण किया है	**(i)** रु. 410 प्रति माह, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष बाद।
जिन्होंने सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकर्स के दोनों भाग उत्तीर्ण किए हैं।	(i) रु. 410 प्रति माह, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष बाद। (ii) रु. 1030 प्रति माह, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के दो वर्षों बाद।

परंतु यह कि वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के बाद जूनियर एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकर्स अथवा सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकर्स (एक या दोनों भाग) उत्तीर्ण करने वाले अधिकारी को ऐसी अर्हता प्राप्त करने की तिथि से व्यावसायिक अर्हता वेतन की पहली किस्त प्रदान की जाएगी और व्यावसायिक अर्हता वेतन की परवर्ती किस्तें व्यावसायिक अर्हता वेतन की पहली किस्त निर्मुक्त करने की तिथि के संदर्भ में होगी:

परंतु यह भी कि उस मामले में जहां किसी अधिकारी ने पहले ही उपर्युक्त में से कोई भी अर्हता प्राप्त कर ली है और ऐसी अर्हता अर्जित करने पर उसे कोई वेतनवृद्धि अथवा व्यावसायिक अर्हता वेतन नहीं मिला है तो उसे 1 नवम्बर, 2007 से अथवा ऐसी अर्हता अर्जित करने की तिथि से, जो भी बाद में हो, व्यावसायिक अर्हता वेतन दिया जा सकेगा।"

(ii) टिप्पणी में, खंड (v) हेतु निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(v) यदि 27 अप्रैल, 2010 को किसी अधिकारी ने खंड (iv) में संदर्भित उक्त में से कोई अर्हता पहले ही प्राप्त कर ली है और ऐसी अर्हता अर्जित करने पर उसे कोई वेतनवृद्धि अथवा व्यावसायिक अर्हता वेतन नहीं मिला है तो उसे 1 नवम्बर, 2007 से अथवा ऐसी अर्हता अर्जित करने की तिथि से, जो भी बाद में हो, व्यावसायिक अर्हता वेतन दिया जाएगा।"

(सी) उप-विनियम (3) में :—

IndiaCode

(i) खंड (डी) के बाद और टिप्पणी से पहले निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(ई) 1 नवम्बर, 2007 को या उसके बाद से, अन्य बातें समान रहने पर मकान किराया भत्ता सहित स्थिर वैयक्तिक वेतन निम्नलिखित दरों पर प्रदान किया जाएगा और संपूर्ण सेवा काल के लिए स्थिर रहेगा"

तालिका

वेतनवृद्धि घटक (रु.)	वेतनवृद्धि घटकों पर 01.11.2007 को यथास्थिति मंहगाई भत्ता (रु.)	कुल देय नियत वैयक्तिक वेतन जहां बैंक का आवास प्रदान किया जाता है (रु.)
(ए)	(बी)	(सी)
800	58	858
900	65	965
1000	72	1072
1100	79	1179
1200	86	1286
1300	94	1394"

IndiaCode

(ii) टिप्पणी में, खंड (i) और (ii) हेतु निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात :-

"(i) खंड (बी), (सी), (डी) अथवा (ई) के अंतर्गत तालिका के कालम (सी) के अंतर्गत यथाउल्लिखित नियत वैयक्तिक भत्ता अथवा नियत वैयक्तिक वेतन उन अधिकारियों को देय होगा जिन्हें बैंक आवास उपलब्ध कराया जाता है।

(ii) मकान किराया भत्ता हेतु पात्र अधिकारियों के लिए नियत वैयक्तिक भत्ता अथवा नियत वैयक्तिक वेतन खंड (ई) के अंतर्गत तालिका के कालम (ए) और (बी) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सकल राशि और संबंधित अधिकारी कर्मचारी द्वारा प्राप्त मकान किराया भत्ता, जब विनियम 4 के उप-विनियम (2), (3), (4) अथवा (5) में यथाविनिर्दिष्ट संबंधित वेतनमान में पिछली वेतनवृद्धि अर्जित की जाती है, होगी।"

(iii) नोट के बाद आने वाला खंड (ई) उसके उप-खंड (v) के रूप में पुन: अंकित किया जाएगा और इस प्रकार अंकित खंड (v) हेतु निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा,अर्थात्:—

"(v) जिस अधिकारी ने उपर्युक्त खंड (ए) के अनुसार अग्रिम वेतनवृद्धि अर्जित की है, वह वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष बाद उपर्युक्त खंड (बी), (सी), (डी) अथवा (ई) में यथाउल्लिखत नियत वैयक्तिक भत्ता/नियत वैयक्तिक वेतन आहरित करेगा। ",

5. उक्त विनियमों के विनियम 21 में

(i) उप-विनियम (3) में, टिप्पणी विलोपित की जाएगी।

(ii) उप-विनियम (4) में, टिप्पणी विलोपित की जाएगी।

(iii) उप-विनियम (4) के बाद, निम्नलिखित उप-विनियम और टिप्पणी अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात्

"(5) नवम्बर, 2007 के पहले दिन को तथा उसके बाद से मंहगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत कामगार वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) आधार 1960=100 पर वेतन के 0.15% पर तिमाही औसत में 2836 बिंदुओं में हर चार अंकों की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से संदेय होगा"

स्पष्टीकरण:- इस उप-विनियम के प्रयोजनार्थ—

(ए) मंहगाई भत्ते के प्रयोजन हेतु "वेतन" से तात्पर्य गत्यावरोध वेतनवृद्धियों सहित मूल वेतन होगा।

(बी) विनियम 5 के उप-विनियम (2) के स्पष्टीकरण (सी), (डी), (ई) और (एफ) में यथाविनिर्दिष्ट व्यावसायिक अर्हता भत्ते अथवा व्यावसायिक अर्हता वेतन की गणना मंहगाई भत्ते के लिए की जाएगी।

6. उक्त विनियमों के विनियम 22 में, उप-विनियम (1) और (2) हेतु निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"(1) नवम्बर, 2002 की पहली तारीख को तथा उसके बाद से

(ए) जहां किसी अधिकारी को बैंक द्वारा रिहायशी आवास प्रदान किया जाता है तो जिस वेतनमान पर वह पदस्थ है, उसके प्रथम चरण के मूल वेतन के 1.75 प्रतिशत की समतुल्य राशि अथवा आवास का मानक किराया, जो भी कम हो, उससे वसूला जाएगा।

(बी) जहां किसी अधिकारी को बैंक द्वारा रिहायशी आवास प्रदान नहीं किया गया है तो वह निम्नलिखित तालिका में विनिर्दिष्ट दरों पर मकान किराया भत्ता हेतु पात्र होगा, अर्थात्:—

तालिका

जहां कार्य का स्थल निम्नानुसार है	मकान किराया भत्ता निम्नानुसार देय होगा
(1)	(2)
(i) प्रमुख "ए" श्रेणी के शहर और समूह ए में परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 8.5%
(ii) क्षेत्र । में अन्य स्थान और समूह बी में परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 7.5%
(iii) अन्य स्थान	वेतन का 6.5%

परंतु यह कि यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता जिस वेतनमान में वह पदस्थ है उसके प्रथम चरण के वेतन के 1.75 प्रतिशत से अधिक रिहायशी आवास हेतु भुगतान किए गए वास्तविक किराए का उक्त तालिका के कालम (2) में उल्लिखित दरों के अनुसार मकान किराया भत्ते का अधिकतम 150 प्रतिशत देय होगा।

(2) नवम्बर, 2007 की पहली तारीख को और से—

(ए) जहां किसी अधिकारी को बैंक द्वारा रिहायशी आवास प्रदान किया जाता है तो जिस वेतनमान पर वह पदस्थ है उसके प्रथम चरण के मूल वेतन के 1.20 प्रतिशत की समतुल्य राशि अथवा आवास का मानक किराया, जो भी कम हो, उससे वसूला जाएगा।

(बी)जहां किसी अधिकारी को बैंक द्वारा रिहायशी आवास प्रदान नहीं किया जाता है तो वह निम्नलिखित तालिका में विनिर्दिष्ट दरों पर मकान किराया भत्ता हेतु पात्र होगा, अर्थात्—

तालिका

जहां कार्य का स्थल निम्नानुसार है	मकान किराया भत्ता निम्नानुसार देय होगा
(1)	(2)
(i) प्रमुख "ए" श्रेणी के शहर और समूह ए में परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 8.5%
(ii) क्षेत्र । में अन्य स्थान और समूह बी में परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 7.5%
(iii) अन्य स्थान	वेतन का 6.5%

IndiaCode

परंतु यह कि यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता जिस वेतनमान में वह पदस्थ है उसके प्रथम चरण के वेतन के 1.20 प्रतिशत से अधिक रिहायशी आवास हेतु उसके द्वारा भुगतान किए गए वास्तविक किराए का उक्त कालम (2) में उल्लिखित दरों के अनुसार मकान किराया भत्ते का अधिकतम 150 प्रतिशत देय होगा।

टिप्पणी: अब से अधिकारियों के स्वामित्व वाले आवास की लागत से संबद्ध मकान किराया भत्ते का दावा भी मकान किराए भत्ते के 150 प्रतिशत तक सीमित होगा।"

7. उक्त विनियमों के विनियम 23 में—

(i) उप-विनियम (1) में, "नवम्बर 2002 के पहले दिन" अंकों, अक्षरों और शब्दों हेतु "नवम्बर 2007 के पहले दिन" अंकों, अक्षर और शब्दों को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(ii) उप-विनियम (2) में "नवम्बर 2002 के पहले दिन" अंकों, अक्षरों और शब्दों हेतु "नवम्बर 2007 के पहले दिन" अंकों, अक्षरों और शब्दों को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(iii) उप-विनियम (3), (4) और (5) हेतु निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:—

"(3) नवम्बर 2007 के पहले दिन को या उसके बाद से यदि कोई अधिकारी ऐसे क्षेत्र में सेवारत है जिसे समूह क अथवा समूह ख में आने वाले परियोजना क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट किया जाना है तो वह समूह क अथवा समूह ख के रूप में क्षेत्र के वर्गीकरण के अनुसार रु. 290 प्रति माह और रु. 255 प्रति माह की दर से परियोजना क्षेत्र प्रतिकरात्मक भत्ता हेतु पात्र होगा।

(4) नवम्बर 2007 के पहले दिन को या उसके बाद से यदि किसी अधिकारी को शैक्षणिक वर्ष के बीच में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाता है और यदि उसकी एक या अधिक संतान पूर्ववती स्थान में विद्यालय अथवा महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं तो उस तारीख से, जिस तारीख को वह नए स्थान पर रिपोर्ट करता है, शैक्षणिक वर्ष के अंत तक सभी संतानों की बाबत रु.700 प्रति माह शैक्षणिक वर्ष के मध्य स्थानांतरण भत्ता देय होगा, परंतु ऐसा भत्ता उस दशा में बंद हो जाएगा जब सभी संताने पूर्ववर्ती स्थान पर अध्ययन करना बंद कर देंगी।

(5) मई, 2010 की पहली तिथि को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक से बाहर प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह जिस पद पर प्रतिनियुक्त है, उस पद से संबंधित परिलब्धियां प्राप्त करने का विकल्प दे सकता है अथवा वह अपने वेतन के अतिरिक्त, वेतन के 7.75 प्रतिशत की दर से प्रतिनियुक्ति भत्ता अधिकतम रु. 2300 प्रति माह तथा ऐसे अन्य भत्ते, जो वह उस स्थान पर बैंक की सेवा में पदस्थ होने पर लेता, ले सकता है।

परंतु यह कि वह ऐसे प्रतिष्ठान में प्रतिनियुक्त है जो उसी स्थान पर अवस्थित है जहां वह अपनी प्रतिनियुक्ति से ठीक पहले पदस्थ था, तो वह अपने वेतन के 4 प्रतिशत की दर से अधिकतम रु.1200 प्रति माह प्रतिनियुक्ति भत्ता प्राप्त करेगा।

परंतु यह भी कि बैंक की प्रशिक्षण संस्था में संकाय सदस्य के रूप में प्रतिनियुक्ति पर कोई अधिकारी अपने वेतन के 4 प्रतिशत की दर से अधिकतम रु.1200 प्रति माह प्रतिनियुक्ति भत्ता हेतु प्राप्त करने का पात्र होगा।"

(iv) उप-विनियम (8) हेतु निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(8) नवम्बर 2007 के पहले दिन को या उसके बाद से यदि किसी दिन उसका कार्य समय न्यूनतम दो घंटों के अंतराल से विभाजित है तो वह अधिकारी रु.165 प्रतिमाह की दर से विभाजित ड्यूटी भत्ते का पात्र होगा।"

(v) उप-विनियम (10) में—

(ए) "नवम्बर 2002 के पहले दिन" अंकों, अक्षरों और शब्दों हेतु "नवम्बर 2007 के पहले दिन" अंकों, अक्षरों और शब्दों को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(बी) तालिका हेतु, निम्नलिखित तालिका को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्—

"तालिका

स्थान	दर
(1)	(2)
(i) 1000 मीटर से अधिक किंतु 1500 मीटर से कम की ऊंचाई वाले स्थान एवं मरकारा शहर	वेतन का 2% अधिकतम रु. 550 प्रति माह
(ii) 1500 मीटर से अधिक किंतु 3000 मीटर से कम की ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 2½ % अधिकतम रु. 680 प्रति माह
(iii) 3000 मीटर तथा उससे अधिक की ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 5% अधिकतम रु. 1570 प्रति माह

8. उक्त विनियमों के विनियम 24 में, उप-विनियम (1) में, खंड (ए) हेतु निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्—

"(ए) चिकित्सा व्यय- नवम्बर, 2007 के पहले दिन को और उसके बाद से नीचे दी गई तालिका में यथाविनिर्दिष्ट कोई अधिकारी, स्वयं और उसके परिवार के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, अधिकारी के इस प्रमाणपत्र के आधार पर, कि उसने ऐसा व्यय उपगत किया है, जिसके समर्थन स्वरूप दावाकृत रकमों के लिए लेखा विवरण दिया जाएगा, हेतु पात्र होगा, अर्थात्:—

तालिका

ग्रेड	प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा
कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी एवं मध्य प्रबंधन श्रेणी	रु. 5100 अथवा उपगत राशि जो भी कम हो
वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी एवं शीर्ष कार्यपालक श्रेणी	रु. 6320 अथवा उपगत राशि जो भी कम हो

नोट : (i) किसी अधिकारी को उपभोग न की गई चिकित्सा सहायता को संचित करने की अनुमति दी जा सकेगी बशर्ते कि यह किसी भी समय ऊपर उल्लिखित राशि के तीन गुणा से अधिक न हो अथवा;

(ii) वर्ष 2007 हेतु चिकित्सा सहायता योजना के अंतर्गत चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति दो माह अर्थात नवम्बर, 2007 और दिसम्बर, 2007 हेतु समानुपातिक आधार पर बढ़ाई जाएगी।

स्पष्टीकरण- इस विनियम के प्रयोजनार्थ—

(i) अस्पताल में भर्ती प्रभारों को अधिकारी के मामलों में 100 प्रतिशत और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 75 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति उन सभी मामलों में की जाएगी जिसमें अस्पताल में भर्ती होना आवश्यक था अथवा;

(ii) मई, 2010 के पहले दिन को और उसके बाद से इस विनियम के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती की प्रतिपूर्ति कामगार कर्मचारियों हेतु अप्रैल, 2010 की 27वीं तारीख के द्विपक्षीय समझौते के अंतर्गत यथानिर्धारित अस्पतालीकरण योजना के निबंधनों और शर्तों के अनुसार निम्नलिखित तालिका में यथाविनिर्दिष्ट सीमाओं के अध्यधीन होगी, अर्थात्—

तालिका

(क) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान I और मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II और III	(i) शैय्या प्रभार स्वयं- रु.700 प्रति दिन परिवार- रु. 525 प्रतिदिन (ii) अन्य प्रभार कामगार कर्मचारियों हेतु प्रयोज्य अस्पतालीकरण योजना के अंतर्गत निर्धारित सीमाओं के 125% के स्केल पर।

IndiaCode

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान IV और V तथा शीर्ष कार्यपालक श्रेणी वेतनमान VI और VII	(i) शैय्या प्रभार स्वयं- रु. 900 प्रति दिन परिवार- रु. 675 प्रतिदिन (ii) अन्य प्रभार कामगार कर्मचारियों हेतु प्रयोज्य अस्पतालीकरण योजना के अंतर्गत निर्धारित सीमाओं के 150% के स्केल पर"

9. उक्त विनियमों के विनियम 25 में उप-विनियम (2) हेतु निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्—

"(2) उप-विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी यह बैंक पर निर्भर होगा कि वह नवम्बर, 2007 के पहले दिन को और उसके बाद से अधिकारी द्वारा उस वेतनमान, जिसमें उसे रखा गया है, के प्रथम चरण के मूल वेतन के 1.20 प्रतिशत के समतुल्य राशि या निवास का मानक किराया जो भी कम हो, का संदाय करने पर निवास स्थान की व्यवस्था करे:

परंतु यह कि वेतनमान के प्रथम चरण, जिसमें उसे रखा गया है, के 0.25 प्रतिशत के समतुल्य अतिरिक्त राशि उस अधिकारी से बैंक द्वारा वसूल की जाएगी जिसे ऐसे आवास में फर्नीचर प्रदान किया गया हो।

परंतु यह भी कि जहां बैंक द्वारा ऐसा रिहायशी आवास प्रदान किया जाता है वहां के बिजली, पानी,गैस और सफाई व्यवस्था संबंधी खर्च अधिकारी द्वारा वहन किया जाएगा।"

10. उक्त विनियमों के विनियम 36 में, उप-विनियम (2) के बाद निम्नलिखित उप-विनियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात –

"(3) मई, 2010 के पहले दिन से 12 महीनों की समग्र अवधि के अंदर गर्भाशयोच्छेदन (हिस्ट्रेक्टोमी) के मामले में अधिकतम 45 दिनों तक अवकाश भी प्रदान किया जा सकेगा।"

11. उक्त विनियमों के विनियम 41 में, उप-विनियम (4) में खंड(ए) हेतु निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"(ए) विराम भत्ता- मई, 2010 के पहले दिन को और उसके बाद से निम्न तालिका के स्तंभ (1) में वर्णित श्रेणियों अथवा वेतनमानों में अधिकारी उसके स्तंभ (2) में वर्णित तत्स्थानी दरों पर 'प्रति दिन' विराम भत्ते का हकदार होगा, अर्थात-

तालिका

अधिकारियों की श्रेणी एवं वेतनमान	प्रमुख "ए" वर्ग शहर	क्षेत्र ।	अन्य स्थान
(i)	(2)		
	रु.	रु.	रु.
वेतनमान IV और उससे ऊपर के अधिकारी	1000	800	700
वेतनमान ।, ।। और ।।। के अधिकारी	800	700	600

परंतु यह कि वेतनमान IV और उससे ऊपर के अधिकारियों के मामले में चार मेट्रो अर्थात दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता और चेन्नै में बाहरी कार्य हेतु देय दैनिक विराम भत्ता रु. 1200 और वेतनमान । अथवा ।। अथवा ।।। के अधिकारियों हेतु दैनिक विराम भत्ता रु. 1000 होगा:

परंतु यह भी कि जहां अनुपस्थिति की कुल अवधि 8 घंटे से कम किंतु 4 घंटे से अधिक है, विराम भत्ता उपर्युक्त दरों से आधी दरों पर देय होगा।

स्पष्टीकरण – विराम भत्ते की संगणना के प्रयोजन के लिए "प्रति दिन" से चौबीस घंटे की प्रत्येक अवधि अथवा उसका पश्चातवर्ती भाग अभिप्रेत होगा जिसकी गणना वायुयान द्वारा यात्रा की दशा में प्रस्थान हेतु रिपोर्ट करने के समय से तथा अन्य दशाओं में प्रस्थान के अनुसूचित समय से आगमन के वास्तविक समय तक की जाएगी और जहां अनुपस्थिति की कुल अवधि चौबीस घंटे से कम है वहां "प्रति दिन" से कम से कम आठ घंटे की अवधि अभिप्रेत होगी ।"

12. उक्त विनियमों के विनियम 42 में, उप-विनियम (3) के बाद, निम्नलिखित उप-विनियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(4) मई, 2010 के पहले दिन को और उसके बाद से, अधिकारी स्थानांतरण पर पैकिंग, स्थानीय परिवहन, सामान का बीमा कराने आदि से संबंधित व्यय हेतु निम्नलिखित तालिका में यथाविनिर्दिष्ट एकमुश्त राशि प्राप्त करने का पात्र होगा, अर्थात्:—

"तालिका

श्रेणी	एकमुश्त राशि
शीर्ष कार्यपालक एवं वरिष्ठ प्रबंधन	रु. 12,000
मध्य प्रबंधन एवं कनिष्ठ प्रबंधन	रु. 9000"

13. उक्त विनियमों के विनियम 44 में, उप-विनियम (3) में, निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"परंतु यह कि 1 मई, 2010 से कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड वेतनमान । का अधिकारी छुट्टी किराया रियायत का लाभ उठाते समय इकानोमी क्लास में न्यूनतम किराए पर हवाई यात्रा हेतु पात्र होगा इस मामले में वास्तविक किराया अथवा यात्रा की दूरी हेतु रेल द्वारा एसी प्रथम श्रेणी हेतु प्रयोज्य किराए, जो भी कम हो, की प्रतिपूर्ति की जाएगी और यही नियम छुट्टी किराया रियायत का लाभ उठाते समय मध्य प्रबंधन ग्रेड वेतनमान ।। और मध्य प्रबंधन ग्रेड वेतनमान ।।। पर भी लागू होगा जहां दूरी 1000 किमी से कम है।"

14. उक्त विनियमों के विनियम 45 में,—

(i) उप-विनियम (1) में निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"परंतु यह कि अप्रैल, 2010 के पहले दिन अथवा उसके बाद से बैंक की सेवा ग्रहण करने वाले अधिकारियों हेतु कोई भविष्य निधि नहीं होगी ",

(ii) उप-विनियम (3) में, खंड (बी) के बाद और टिप्पणी से पहले, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(सी) अंशदायी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत शामिल अधिकारी, जिन्होंने पेंशन योजना का विकल्प नहीं लिया है, वे अंशदायी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत बने रहेंगे ।"

(iii) उप-विनियम (3) के बाद, निम्नलिखित उप-विनियम अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(4) अप्रैल, 2010 के पहले दिन अथवा उसके बाद से बैंक की सेवा ग्रहण करने वाले अधिकारी परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना में शामिल होंगे जहां अधिकारी वेतन और मंहगाई भत्ते के दस प्रतिशत का अंशदान करेगा और बैंक दिनांक 22 दिसम्बर, 2003 की भारत सरकार की अधिसूचना सं. एफ. सं. 5/7/2003-ईसीबी एवं पीआर, समय-समय पर यथासंशोधित, के तहत केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित नई पेंशन योजना के अनुसार अंशदायी पेंशन योजना के उपबंधों के अनुसार इतनी ही राशि का अंशदान करेगा। "

15. उक्त विनियमों की अनुसूची हेतु , निम्नलिखित अनुसूची प्रतिस्थापित होगी, अर्थात्:—

"इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 की अनुसूची"

[देखें विनियम 23 का उप विनियम (2)]

नवम्बर, 2007 की पहली तारीख से निम्न तालिका में यथा विनिर्दिष्ट अनुसार अधिकारी उस समय तक विशेष क्षेत्र भत्ता पाने का पात्र होगा जब तक इसे पूर्णतया अथवा अंशत: हटाया या संशोधित नहीं किया जाता, अर्थात्:—

तालिका

क्र. सं.	**क्षेत्र**	**भत्ता (रु.)**	
		रु.14700/- से कम वेतन	**रु.14700/- से अधिक वेतन**
1	**2**	**3**	**4**
1.	**मिजोरम** ए) मिजोरम का चिम्प्तुपुई जिला और मिजोरम के लुंगली जिले में लुंगली शहर से 25 कि.मी. से अधिक दूरी वाले क्षेत्र	2000	2600
	बी) मिजोरम के लुंगली शहर से 25 कि.मी. से अधिक दूरी वाले क्षेत्रों को छोड़कर समस्त लुंगली जिला	1600	2100

	सी) मिजोरम का समस्त आइजोल जिला	1200	1500
2.	**नागालैण्ड**	1600	2100
3.	**अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** ए) उत्तर अंडमान, मध्य अंडमान, छोटा अंडमान, निकोबार और नरकोदम द्वीप समूह	2000	2600
	बी) दक्षिण अंडमान (पोर्ट ब्लेयर सहित)	1600	2100
4.	**सिक्किम**	2000	2600
5.	**लक्षद्वीप द्वीप समूह**	2000	2600
6.	**असम**	320	400
7.	**मेघालय**	320	400
8.	**त्रिपुरा** ए) त्रिपुरा के कठिन क्षेत्र	1600	2100
	बी) कठिन क्षेत्रों को छोड़कर समस्त त्रिपुरा	1200	1500
9.	**मणिपुर**	1200	1500
10.	**अरुणाचल प्रदेश** ए) अरुणाचल प्रदेश के कठिन क्षेत्र	2000	2600
	बी) कठिन क्षेत्रों को छोड़कर समस्त अरुणाचल प्रदेश	1600	2100
11.	**जम्मू और कश्मीर** ए) कठुआ जिला: नियाबत बानी, लोही, मल्हार और मछोदी	2000	2600
	बी) उधमपुर जिला (i) डुडु बसंतगढ़, लेंडर भामग इलाका, भाग 2(बी) में सम्मिलित के अलावा अन्य	2000	2600
	(ii) कमबन की ओर से गुल तक के क्षेत्र एवं तहसील मोढ़ में केसई की ओर से अर्नाज तक के क्षेत्र	1600	2100
	(सी) डोडा जिला: किश्तवर तहसील में पेडुर एवं नियाबत नौगाम के इलाके	2000	2600
	(डी) लेह जिला: जिले के सभी स्थान	2000	2600
	(ई) बारामूला जिला (i) संपूर्ण गुरेज-निराबत, तंगदार उप-खंड एवं करण इलाका	2000	2600
	(ii) मच्छिल	1600	2100
	(एफ) पुंछ एवं राजौरी जिले: दोनो जिलों में पुंछ और राजौरी एवं सुन्दरबानी तथा अन्य शहरी इलाकों को छोड़कर पुंछ और राजौरी जिले के क्षेत्र।	1200	1500
	(जी) ऐसे क्षेत्र जो उक्त की मद (ए) से (एफ) में शामिल नहीं है, किंतु जो वास्तविक नियंत्रण रेखा की सीमा से 8 कि.मी. की दूरी के भीतर हैं अथवा उन स्थानों पर हैं	1200	1500

IndiaCode

	जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अपने कर्मचारियों हेतु सीमा भत्ता दिए जाने योग्य स्थान घोषित किए जाते हैं।		
12	**हिमाचल प्रदेश** (ए) चम्बा जिला (i) पांगी तहसील, भरमौर तहसील, पंचायतें: बड़गांव, बाजोल, देवल कुगटी, नयागम एवं टुंडाह, गांव: ग्राम पंचायत जगत का घाटु, ग्राम पंचायत चौहाटा का कनारसी (ii) उक्त मद (i) में शामिल पंचायत एवं गांवों का छोड़कर भरमौर तहसील, (iii) भाटीयट तहसील में झांडरू पंचायत, चुराह तहसील, डलहौजी टाउन (बानीखेत सहित)	2000 1600 1200	2600 2100 1500
	बी) किन्नौर जिला: (i) असरांग, चिटकुल और हंगो कुनो/ चरांग पंचायतें, 15/20 क्षेत्र जिसमें छोटा कांबा, नाथपा और रुपी ग्राम पंचायतें पूह उप-खंड शामिल हैं, ऊपर विनिर्दिष्ट पंचायत क्षेत्रों को छोड़कर (ii) उपर्युक्त (ए) में सम्मिलित क्षेत्रों को छोड़कर सभी जिले सी) कुल्लू जिला: (i) निर्मांड तहसील के 15/20 क्षेत्र जिसमें खारगा, कुशवार और सरगा ग्राम पंचायतें शामिल हैं। (ii) आउटर सेराज (निर्मांड तहसील में जकात खाना और बुर्रो के गांवों को छोड़कर) और सभी जिले (आउटर सेराज क्षेत्र और पंद्राबीस के परगना को छोड़कर किंतु इसमें निर्मांड तहसील के जगत खाना और बुर्रो गांव शामिल हैं) डी) लहौल और स्पीती जिला: लाहौल और स्पीती का संपूर्ण क्षेत्र ई) शिमला जिला: (i) रामपुर तहसील के 15/20 क्षेत्र जिसमें कूट, लबाना-सदाना, सरपारा और चड़ी-ब्रांडा पंचायतें शामिल हैं। (ii) डोरा-कवर तहसील, रामपुर में डरकाली ग्राम पंचायत, कशापथ तहसील और मुनीश, साराहन परगना का घोरी चैबीस (iii) चोपाल तहसील और घोरीस, पंजगांव, पत्सनाऊ, नौबीस और सराहन परगना की तीन कोटी, ताकलेश क्षेत्र का देवठी ग्राम पंचायत, बाराबीस परगना, रामपुर कसबा और रामपुर तहसील के परगना रामपुर का घोरी नोग, शिमला नगर और इसके उप नगर (ढल्ली, जाटोग, कसुम्पति, मशोब्रा, तारादेवी और तुतू)	2000 1600 2000 1200 2000 2000 1600 1200	2600 2100 2600 1500 2600 2600 2100 1500

IndiaCode

	(एफ) कांगड़ा जिला: (i) बड़ा भांगल और छोटा भांगल के क्षेत्र	1600	2100
	(ii) कांगड़ा जिला का धर्मशाला टाउन और नगरपालिका सीमा के बाहर स्थित निम्नलिखित कार्यालय जो धर्मशाला टाउन में शामिल किए गए हैं – वुमेंस आईटीआई, दारी, मेकेनिकल वर्कशाप, रामनगर, चाइल्ड वेल्फेयर एंड टाउन एंड कन्ट्री प्लानिंग कार्यालय, सकोह, लोअर सकोह में सीआरएसएफ कार्यालय, कांगड़ा दुग्ध आपूर्ति योजना, डुगियार, एचआरटीसी वर्कशाप, साधेर, आंचलिक मलेरिया कार्यालय, दारी, वन निगम कार्यालय, शामनगर, चाय फक्ट्री, दारी, , आई.पी.एच सब-डिवीजन, दान, सेटलमेंट कार्यालय, शामनगर, हिनवा परियोजना, शामनगर, पालमपुर में एचपीकेवीवी परिसर सहित कांगड़ा जिला का पालमपुर टाउन तथा नगरपालिका सीमा के बाहर स्थित निम्नलिखित कार्यालय किंतु पालमपुर कस्बा में शामिल – एच.पी. कृषि विश्वविद्यालय परिसर, मवेशी विकास कार्यालय/जर्सी फार्म, बानुरी, सेरीकल्चर कार्यालय/ इंडो-जर्मन कृषि वर्कशाप/ एचपीपीडब्ल्यूडी डिवीजन, बुंदला, इलेक्ट्रिकल सब-डिवीजन, लोहना, डी.पीओ. कार्पोरेशन, बुंदला, विद्युत एचईएसईई डिवीजन, घुग्गर	1200	1500
	(जी) मंडी जिला: जोगिंदरनगर तहसील की छुहार घाटी, पंचायत थुनाग बागरा की तहसील, छत्री, छोटधर, गड़ागुसियान, गाटू, गरयास, जंजेली, जरयार, जोहर, कल्हानी, कलवन, खोलानल, लोथ, सिलिबागी, सोमाचन, थचधर, टाची, थाना, धर्मपुर ब्लॉक की पंचायतें – बिंगा, कमलाह, सकलना, तन्यार और ताराखोला, करसोग तहसील की पंचायतें – बालीधर, बगड़ा, गोपालपुर, खजोल, महोग, मेहुदी, मंज, पेखी, सैंज, सरहन और तेबान, सुंदरनगर तहसील की पंचायतें – बोही, बटवारा, धनयारा, पौड़ा कोठी, सेरी और शोजा	1200	1500
	(एच) सिरमौर जिला: बानी की पंचायतें, बखkली (पच्छड तहसील), भरोग भनेरी (पावंता तहसील), बिड़ला (नहान तहसील), डिब्बर (पच्छड तहसील), और थाना कसोगा (नहान तहसील) एवं थंगिरि इलाका	1200	1500
	(आई) सोलन जिला: मंगल पंचायत	1200	1500
	(जे) हिमाचल प्रदेश के बाकी क्षेत्र जो उपर्युक्त के मद (ए) से (आई) में सम्मिलित नहीं है	320	400
13.	**उत्तराखंड** चमोली, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चंपावत जिलों के क्षेत्र	2000	2600

<u>व्याख्यात्मक ज्ञापन</u>

ये विनियम जिन्हें भूतलक्षी प्रभाव दिया गया है, इस संबंध में संबंधित बैंकों द्वारा दिए गए विशिष्ट अधिदेश के आधार पर सदस्य बैंकों की ओर से भारतीय बैंक संघ और बैंकों के शीर्ष स्तरीय अधिकारी एसोसिएशनों के बीच हस्ताक्षरित संयुक्त नोट के तय निबंधनों और शर्तों के अनुसार है। अत:, ऐसे भूतलक्षी प्रभाव से किसी व्यक्ति के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

एच. सी. सती, महाप्रबंधक (मानव संसाधन)

[विज्ञापन- III/4/असा./308/17 (77)]

टिप्पण : प्रधान विनियम शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किए गए एवं तदुपरांत नीचे दिए गए विवरण के अनुसार संशोधन किया गया :—

क्र. सं.	राजपत्र अधिसूचना सं.	दिनांक
1.	विधि/1/87	19.08.87
2.	विधि/2/87	14.09.87
3.	विधि/3/87	02.11.87
4.	विधि/4/87	02.11.87
5.	विधि/5/87	13.11.87
6.	विधि/6/87	20.11.87
7.	विधि/2/88	07.10.88
8.	विधि/2/89	30.10.89
9.	विधि/2/90	21.06.90
10.	विधि/3/90	22.06.90
11.	प्रका/विधि/X-29/0646	18.08.92
12.	प्रका/विधि/334/0647	18.08.92
13.	प्रका/विधि/0550	17.08.93
14.	प्रका/विधि/1500	16.02.94
15.	प्रका/विधि/2614	11.01.95
16.	प्रका/विधि/2658	19.01.95
17.	प्रका/विधि/0279	15.06.95
18.	प्रका-प्रशा/5/1656	06.11.96
19.	प्रका/विधि/0938	25.01.97
20.	प्रका/विधि/1236	15.03.97
21.	प्रका/विधि/1273	04.03.99
22.	प्रका/विधि/949	10.12.99
23.	प्रशा/6/1992	26.06.2000
24.	प्रका/विधि/0576	05.07.2000
25.	प्रशा/3107	07.08.2002
26.	प्रका/प्रशा/एफ-49/775	05.11.2002
27.	प्रका/प्रशा/एफ-49/06395	27.01.2006
28.	प्रका/प्रशा/एफ-49/04608(ई)	01.11.2006
29.	प्रका/प्रशा/एफ-49/3241	12.08.2011
30.	प्रका/काप्र/एफ-49/5078	25.10.2011

IndiaCode

ALLAHABAD BANK

(HEAD OFFICE)

NOTIFICATION

Kolkata, the 3rd November, 2017

F. No. HO/ADMN/3/F-49/1512.—In exercise of the powers conferred by section 19, read with sub-section (2) of Section 12 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (5 of 1970), the Board of Directors of the Allahabad Bank in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government, hereby makes the following regulations further to amend the Allahabad Bank (Officers') Service Regulations, 1979, namely:—

1. (1) These regulations may be called the Allahabad Bank (Officers') Service (Amendment) Regulations, 2017.

(2) They shall be deemed to have come into force with effect from the 1st day of November, 2007, except as otherwise provided in these regulations.

2. In the Allahabad Bank (Officers') Service Regulations, 1979 (hereinafter referred to as the said regulations), in regulation 3,—

(i) for clause (f), the following clause shall be substituted, namely:—

'(f) "family" means the spouse of the officer, wholly dependent unmarried children (including step children and legally adopted children), physically challenged brother or sister with forty per cent, or more disability and parents ordinarily residing with and wholly dependent on the officer'.

Explanation.- For the purposes of this clause a child or parent or physically challenged brother or sister shall be deemed to be dependent on the officer if the monthly income of such child, parent, brother or sister does not exceed Rs.3,500 per month.

Provided that if the income of one of the parents exceeds Rs.3,500 per month or the aggregate income of both the parents exceeds Rs.3,500 per month, both the parents shall not be considered as wholly dependent on the officer.'

(ii) Clause (o) shall be omitted.

3. In regulation 4 of the said regulations,—

(i) sub-regulation (4A) shall be omitted;

(ii) after sub-regulation (4A) as so omitted, the following sub-regulations shall be inserted, namely:—

"(5) With effect from the 1st November, 2007, the scales of pay specified against each grade shall be as under :

(a) Top Executive Grade

Scale VII = Rs.46800 – 1300/4 – 52000

Scale VI = Rs.42000 - 1200/4 – 46800

(b) Senior Management Grade

Scale V = Rs.36200 – 1000/2 – 38200 – 1100/2 - 40400

Scale IV = Rs.30600 – 900/4 – 34200– 1000/2 – 36200

(c) Middle Management Grade

Scale III = Rs.25700 - 800/5-– 29700 - 900/2 - 31500

Scale II = Rs.19400 - 700/1 - 20100 -800/10 - 28100

(d) Junior Management Grade

Scale I = Rs.14500-600/7- 18700-700/2- 20100- 800/7-25700.

Explanation.-Every officer who is governed by the scales of pay in force as on the 31st October, 2007 shall be fitted in the scale of pay set out in this sub-regulation as on 1st November, 2007 on stage to stage basis, i.e. on corresponding stages from first stage onwards in the respective scales and the increments shall fall on the anniversary date as usual except where provided otherwise.

(6) Nothing in sub-regulations (1), (2), (3), (4) and (5) shall be construed as requiring the Bank to have at all times, officers serving in all these grades.".

IndiaCode

4. In regulation 5 of the said regulations,—

(a) for sub-regulation (1), the following sub-regulation, shall be substituted, namely:—

"(1) Subject to the provisions of sub-regulation (5) of regulation 4, on and from the 1st November, 2007, the increments shall be granted subject to the following, namely:—

